इंडिया टीवी .in

TATA के पैक में बेच रहे थे नकली नमक और चायपत्ती, आरोपियों के पकड़े जाने से पता चला कैसे करें असली और नकली की पहचान

यूपी के ग्रेटर नोएडा में बुधवार को एक व्यक्ति के पास से भारी मात्रा में गैर ब्रांडेड चाय और नमक जब्त किया गया है जो टाटा ब्रांड के नाम से बाजार में बेचे जाने के लिए था। पुलिस ने कहा कि आरोपी को भी पकड़ा गया है और उसपर धोखाधड़ी एवं कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी तरूण जैन उर्फ तन्नु को स्थानीय दादरी थाने के अधिकारियों ने पकड़ा। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, ''बुधवार को आरोपी को दादरी में रेलवे स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया गया जो नकली नमक और चाय को टाटा कंपनी के रैपर में पैक कर बेच रहा था।''

Source: https://www.indiatv.in/uttar-pradesh/greater-noida-fake-salt-and-tea-is-being-sold-in-tata-packing-police-arrested-one-person-2024-01-04-1013251